an>

Title:Need to connect the Kailadevi wildlife sanctuary in Karauli district, Rajasthan with the Ranthambore wildlife sanctuary in Sawai Madhopur district in the State.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के जिला करौली स्थित कैलादेवी अभ्यारण्य की ओर आकÂिाान्त करना चाहूँगा। कैलादेवी अभ्यारण्य सवाई-माधोपुर के रणथम्भौर अभ्यारण्य से लगा हुआ है। रणथम्भौर अभ्यारण्य पूरे देश में टाइगर संरक्षण एवं पर्यटन की दÂिट से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे लगा कैलादेवी अभ्यारण्य क्षेत्रफल की दÂिट से चार गुना अधिक बड़ा है। रणथम्भौर अभ्यारण्य में क्षेत्रफल की कमी के कारण इसके टाइगर कैलादेवी अभ्यारण्य में समय-समय पर विचरण करते हैं। यदि कैलादेवी अभ्यारण्य को रणथम्भौर अभ्यारण्य से जोड़ते हुए इसका एक रास्ता कैलादेवी-करौली होते हुए बनाया जाता है तो इससे करौली, धौलपुर, दौसा व भरतपुर जिलों में पर्यटन का विकास होगा एवं टाइगरों को विचरण के लिए पर्याप्त स्थान भी मिलेगा।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि करौली जिले के कैलादेवी अभ्यारण्य को सवाई-माधोपुर के रणथम्भौर अभ्यारण्य से जोड़ते हुए इसका विकास करवाकर पर्यटन को बढ़ावा दिलाएं।